भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

मौखिक प्रश्न सं.188#

गुरूवार, 12 दिसम्बर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) योजना**

**188# डा. सुमेर सिंह सोलंकी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) योजना के अंतर्गत कितनी परियोजनाएं संस्वीकृत की गई हैं और इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ख) अब तक किन-किन परियोजनाओं को आरंभ किया जा चुका है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ख): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

डा. सुमेर सिंह सोलंकी द्वारा तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) योजना के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 188# भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

(क) से (ख): पर्यटन मंत्रालय तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों और विरासत संबंधी गंतव्यों पर पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों और संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

प्रशाद योजना का उद्देश्य सुनियोजित पर्यटन अवसंरचना के विकास के माध्यम से पर्यटकों के लिए तीर्थयात्रा और आध्यात्मिक अनुभव को बेहतर बनाना है। इन योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं। उक्त योजना के तहत, देश भर में 1646.99 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 48 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनमें से कुल 23 स्वीकृत परियोजनाएं अब तक पूरी हो चुकी हैं। प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय परियोजना की प्रगति की नियमित निगरानी करता है और संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को भी समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। पूर्ण होने पर, परियोजनाओं के तहत निर्मित सुविधाओं (इंटरवेंशन्स) को सार्वजनिक उपयोग के लिए समर्पित कर दिया जाता है। तथापि, परियोजनाओं का उद्घाटन केन्द्र/राज्य सरकार की सुविधा पर निर्भर करता है।

*****

**अनुबंध**

डा. सुमेर सिंह सोलंकी द्वारा तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान (प्रसाद) योजना के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के मौखिक प्रश्न सं. 188# भाग (क) से (ख) के उत्तर में **विवरण**

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(करोड़ रु. में)**

| **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी राशि** |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1 | अमरावती में तीर्थयात्री सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 |
| | 2 | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 |
| | 3 | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 | 13.69 |
| | 4 | अन्नावरम मंदिर नगर में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | 0 |
| अरुणाचल प्रदेश | 5 | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 | 21.95 |
| असम | 6 | कामाख्या मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 29.80 | 29.80 |
| बिहार | 7 | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 29.62 | 29.62 |
| | 8 | विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 | 3.63 |
| छत्तीसगढ़ | 9 | मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 48.44 | 32.13 |
| गोवा | 10 | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | 0 |
| गुजरात | 11 | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 | 10.46 |
| | 12 | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 | 45.36 |
| | 13 | सोमनाथ में सैरगाह का विकास | 2018-19 | 47.12 | 47.12 |
| | 14 | सोमनाथ गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर के साथ तीर्थयात्री प्लाजा का | 2021-22 | 49.97 | 0.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | विकास | | | |
| | 15 | अम्बाजी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | 10.54 |
| हरियाणा | 16 | माता मनसा देवी मंदिर एवं नाडा साहेब गुरुद्वारा का विकास | 2019-20 | 48.53 | 34.68 |
| जम्मू और कश्मीर | 17 | हज़रतबल दरगाह में विकास | 2016-17 | 40.46 | 34.30 |
| झारखंड | 18 | बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास | 2018-19 | 36.79 | 34.95 |
| कर्नाटक | 19 | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 | 0.00 |
| केरल | 20 | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 21 | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 34.73 |
| | 22 | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 |
| महाराष्ट्र | 23 | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 42.18 | 29.93 |
| मेघालय | 24 | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 | 24.92 |
| मिजोरम | 25 | चिटे वांग, ज़ुआंगताई, रेइक और आइजोल में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 | 13.18 |
| नागालैंड | 26 | मोलुंगकिमोंग, नोक्सेन चर्च, ऐज़ुटो, वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 | 21.33 |
| | 27 | जुन्हेबोटो में तीर्थ पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 10.90 |
| ओडिशा | 28 | पुरी में अवसंरचना का विकास | 2014-15 | 50.00 | 10.00 |
| पंजाब | 29 | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मिकी स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 |
| | 30 | चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 17.49 |
| राजस्थान | 31 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 |
| सिक्किम | 32 | युक्सोम के फोर पैट्रोन सेंट्स में | 2020-21 | 33.32 | 28.31 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | | | |
| तमिलनाडु | 33 | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| | 34 | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |
| तेलंगाना | 35 | जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 38.90 | 33.07 |
| | 36 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 12.82 |
| | 37 | भद्राचलम में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | 8.43 |
| त्रिपुरा | 38 | त्रिपुर सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 34.43 | 25.62 |
| उत्तर प्रदेश | 39 | वाराणसी का विकास - चरण - I | 2015-16 | 18.73 | 18.73 |
| | 40 | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटन परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 | 10.98 |
| | 41 | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 | 9.02 |
| | 42 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 |
| | 43 | वाराणसी का विकास - चरण II | 2017-18 | 44.60 | 31.77 |
| | 44 | गोवर्धन में अवसरंचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 | 30.97 |
| उत्तराखंड | 45 | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 | 34.77 |
| | 46 | बद्रीनाथ जी धाम में तीर्थयात्रा सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 | 27.43 |
| | 47 | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं का विस्तार | 2021-22 | 54.36 | 10.22 |
| पश्चिम बंगाल | 48 | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 |
| | | **कुल** | | **1646.99** | **1036.96** |

*******